न्यूज़ बुलेटिन :

सन्मार्ग

वर्ष–1

अंक–3

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

मासिक – दिसम्बर, 2022

कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003

(लखनऊ विश्वविद्यालय)

सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- 100 % परिणाम

Inside This Issue

College Achievements

Students Activities

प्रबन्धक

इं0 वी0 के0 मिश्र

प्राचार्य

प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

सम्पादकीय

सम्पादक

राजीव यादव

उप–सम्पादक

नितिन कुमार सिंह

सहयोग

पुष्पेन्द्र कुमार

COLLEGE ACHIEVEMENTS

- 1 दिसम्बर 2022 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रूमी गेट पर रेड रिबन क्लब की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कालीचरण महाविद्यालय के NSS के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

- 5 दिसम्बर 2022, को कालीचरण महाविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में वाद–विवाद, निबंध प्रतियोगिता और वाली बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाली बाल में बी0 ए0 की टीम विजेता रही।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 विषय पर आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में रितिक कुमार, बी0 ए0 ने प्रथम स्थान, विशाल पाण्डेय, बी0 ए0 द्वितीय स्थान तथा हिमांशु मिश्र बी0जे0एम0सी0 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

'पर्यावरण सुरक्षा : जीवन रक्षा' विषय पर आयोजन निबंध प्रतियोगिता में अमन यादव एम0 ए0 हिन्दी ने प्रथम स्थान, ज्योतिमा, बी0ए0 ने द्वितीय स्थान एवं वैष्णवी, एम0कॉम ने तृतीय प्राप्त किया।

6 दिसम्बर 2022, को कालीचरण महाविद्यालय की स्थापना दिवस बड़े धूम–धाम से मनाया गया जिसमें अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक ई0 वी0के0 मिश्र थे।

9 दिसम्बर 2022, को प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा "इतिहास के स्रोत के रूप में पुरातत्व" विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो0 अनिल कुमार मुख्या वक्ता थे।

वाणिज्य विभाग द्वारा 13 दिसम्बर 2022, को अवोक इण्डिया फाउंडेशन द्वारा भारतीय प्रतिभूति बाजार विषय पर एक कार्यशाला आयोजित किया गया।

13 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2022 तक शारीरिक शिक्षा विभाग अन्तर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0 ए0 तृतीय वर्ष की टीम विजेता रही।

दिनांक 14 दिसम्बर 2022, को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्याम सुंदर दास सभागार में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

- 17 दिसम्बर 2022, को शारीरिक शिक्षा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ0 कल्याणी द्विवेदी को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत किया गया।

- 19 दिसम्बर 2022 को कालीचरण महाविद्यालय केजीएमयू के रेडियो चैनल केजीएमयू गूंज की ओर से टी0 वी0 चैलेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया चैनल की प्रमुख कस्तूरी सिंह व उनकी सहयोगी रानी, प्रतिमा गौतम ने इसे रोग की पहचान, निदान के विभिन्न उपायों के बारे में बताया।

20 दिसम्बर 2022, को कालीचरण महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा "शैक्षणिक लेखा परीक्षा" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर विश्वनाथ मिश्र थे।

दिनांक 23 दिसम्बर 2022, को महिला प्रकोष्ठ समिति द्वारा आयोजित महिला सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मैडम दीक्षा चौहान, इंस्पेक्टर ठाकुरगंज, लखनऊ थीं।

- 26 दिसम्बर 2022, को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई, कालीचरण महाविद्यालय, लखनऊ द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।